पावर के बराबर होता है, इसलिये सम्भवतया 835.4 लाख काम करने वाले गोपशु (पशुधन संगणना 1977) देश की पशु-शक्ति की जरुरत पूरी कर सकेंगे।

गोपशुओं का संरक्षण एक ऐसा मामला है जिस पर कानून बनाने की शक्ति केवल राज्य विधान मण्डलों के पास है। मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, दादर व नगर हवली, लक्षद्वीप, अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम को छोड़कर, सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में गायों और उनके बछड़-बछड़ियों का वध करने पर रोक या प्रतिबन्ध लगाने के कानून हैं। जो गोपशु प्रजनन या काम के लिये ठीक हों, उनका वध करने की अनुमति नहीं दी जाती है।

Allotment of Flats in Vasant Kunj by DDA

1635. SHRI MUKHTIAR SfNGH MALIK : Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether Delhi Development Authority propose to allot flats constructed in Vasant Kunj, Block «C New Delhi.

(b) if not the reasons therefor; and

(c) by when flats in 'C Block in Vasant Kunj are proposed to be allotted ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH) : (a) Yes, Sir.

(b) Does not arise.

(c) The flats are expected to be completed during January to March, '88 and will be allotted thereafter.

बरौनी उर्वरक कारखाने में नियुक्तियों में बरती गइ अनियमितताएं

1636. **श्री कैलास पति मिश्र** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बरौनी उर्वरक संयंत्र में तृतीय तथा पांचवीं श्रेणी में 173 व्यक्तियों और विश्लेषकों के 6 पदों की नियुक्तियों में बरती गई अनियमितताओं के संबंध में बेगुसराय के मुंसिफ मजिस्ट्रेट ने 5 अप्रैल, 1986 और 26 मई, 1986 को निर्णय लिया था; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही कर रही है ?

ऊर्वरक विभाग में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) और (ख) दो उम्मीदवारों, ने, जिन्हें हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कार्पोरेशन (एचएफसी) के बरौनी एकक में मजदूर के पद के लिए नहीं चुना गया था, मुन्सिफ न्यायाधीश बेगुसराय के न्यायालय में स्थगन आदेश के लिए याचिका दायर की है। प्रार्थना को न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया गया।

बरौनी एकक में विश्लेषक के पद के लिए न चुने गये उम्मीदवारों में से एक ने विभिन्न आधारों पर विश्लेषकों के चयन को चुनौती दी है। न्यायालय ने एचएफसी को विश्लेषक का एक पद खाली रखने के लिए निर्देश दिये हैं ताकि जब और जैसे मुद्दई मुकदमें में सफल हो तो उसे वह पद उपलब्ध किया जा सके, एचएफसी ने जिला न्यायाधीश बेगुसराय के न्यायालय में अपील की है।

बरौनी ऊर्वरक संयंत्र से यूरिया का गायब हो जाना

1637. **श्री कैलास पति मिश्र** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 5 जुलाई, 1986 के आर्यवर्त्त तथा प्रदीप और 25 जून, 1986 के "आज" में प्रकाशित इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है कि मार्च, 1985 से अगले सात माह की अवधि के दौरान बरौनी उर्वरक संयंत्र से 7,000 मीटरी टन यूरिया गायब हो गया ; और